Roll No. : .......................................

Total No. of Questions : **5** ] [ Total No. of Printed Pages : **7**

# SLA–101

## B.A./B.Com./B.Sc./BCA/BBA/BFA Part–IV/B.A. (Hons.) History/B.A. (Hons.) Geography/ Part–III Due of Part–I (Supplementary) Examination, 2022

## GENERAL HINDI

### (Compulsory Paper)

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks :* ***100***

**नोट** :– प्रश्न पत्र **5** इकाइयों में विभाजित है। निर्देशानुसार प्रश्न हल करने हैं।

**इकाई**–I

1. (अ) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा **150**) **:**

(क) दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ–हुजुरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है।

**अथवा**

गाँव में कब्रिस्तान की–सी छायाएँ नाचने लगती हैं। शिद्धिरगंज कभी भी नहीं भूलेगा कि एक दिन आदमी के बनाए अकाल ने उसका सत्यानाश कर दिया था। जो आदमी अपनी हड्डियों से दधीचि की हड्डियों से यह अमर कथा लिख गए हैं, बंगाल उनकी ज्वलंत स्मृति को कभी नहीं भुलाएगा। 5

(ख) गणतन्त्र समारोह में हर राज्य की झाँकी निकलती है। ये अपने राज्य का सही प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। 'सत्यमेव जयते' हमारा मोटो है मगर झाँकियाँ झूठ बोलती हैं इनमें विकास-कार्य, जनजीवन, इतिहास आदि रहते हैं। असल में हर राज्य को उस विशिष्ट बात को यहाँ प्रदर्शित करना चाहिए जिसके कारण पिछले साल वह राज्य मशहूर हुआ। गुजरात की झाँकी में इस साल दंगे का दृश्य होना चाहिए, जलता हुआ घर और आग में झोंके जाते बच्चे।

**अथवा**

इतना सहने के बाद भी मैं जीवित हूँ, आश्चर्य है। भयंकर रात थी। प्रेयसी संयोगिता के बिना वह रात हब्शिनी बनी गयी थी। अंधकार जैसे मेरी ओर घूर रहा था, मेरी आँखों में घुसकर। इतने में चार मशालें दिखलाई दीं। उनकी लौ इधर-उधर घूम रही थी। जैसे अंधकार रूपी दैत्य की जिह्वाएँ हों। पाँच आदमी सामने आये। चार मशालची और एक उनका सरदार। सरदार के हाथ में एक छुरा था। वह बोला कैदी, तेरी आँखें निकाली जायेंगी। 5

(ब) (क) कहानी के तत्वों के आधार पर 'जामुन का पेड़' कहानी की समीक्षा कीजिए। (**250** शब्द)

**अथवा**

यात्रा साहित्य के तत्वों के आधार पर 'आखिरी चट्टान' की विवेचना कीजिए। 7

(ख) 'भैया के नाम पाती' की अपने शब्दों में विवेचना कीजिए।

**अथवा**

मालचंद तिवाड़ी की 'बोरुंदा डायरी' का सार लिखिए। 7

## इकाई–II

2. (अ) निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा **150**) :

(क) माया महा ठगनी हम जानी।

तिरगुन फाँसि लिये कर डोलै, बोलै मधुरी बानी।

केसव के कमला होई बैठी, सिव के भवन भवानी।

पंडा के मूरत होई बैठी तीरथहू में पानी।

**अथवा**

राम नाम रस पीजै, मनुवा रस राम पीजै।

तज कुसंग सतसंग बैठ नित, हरि चरचा सुण लीजै।

काम क्रोध मद लोभ मोह कूँ, चित से बहाय दीजै।

मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, ताहि के रंग में भीजे। 5

(ख) बरसती आँखों के बादल–बनते जहाँ भरे करुणा जल।

लहरें टकरातीं अनन्त की–पाकर जहाँ किनारा।

हेम कुम्भ ले उषा सबेरे–भरती ढुलकाती सुख मेरे।

मंदिर ऊँघते रहते जब–जग कर रजनी भर तारा।

**अथवा**

सुनकर दहाड़

स्वाधीन भारतीय प्राइमरी स्कूल के

भुखमरे स्वाभिमानी सुशिक्षक प्रेत की

रह गए निरूत्तर

महामहिम नर्केश्वर। 5

(ब) (क) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता की मूल संवेदना अपने शब्दों में लिखिए। (शब्द सीमा **250**) :

**अथवा**

'भूलोक का गौरव' कविता की समीक्षा कीजिए। 7

(ख) "'निर्मला पुतुल' आदिवासी जीवन चितेरी कवयित्री है।" 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता के आधार पर विवेचना कीजिए।

**अथवा**

दुष्यंत कुमार की कविताओं के कलापक्ष पर प्रकाश डालिए। 7

**इकाई**–III

3. (अ) निम्नलिखित गद्यांश का सारांश एक-तिहाई शब्दों में लिखिए :

किसी देश की उन्नति एवं अवनति उस देश के साहित्य पर ही अवलंबित है। चाहे वह देश को उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे। कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है। वही निर्जीव जाति में प्राण-प्रतिष्ठा करता और निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार करता है। वह राजनीति को प्रेरणा देता तथा राजनीतिज्ञों का पथ-प्रदर्शन करता है। वही अतीत के गौरव-गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है, वही सोई हुई जाति को जगाता है और उत्साह का संचार करता है। 5

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

उपकार शील का दर्पण है।

**अथवा**

विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधि है। 4

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्द-युग्मों के अर्थ बताइये :

(i) लग्न — लगन

(ii) वरण — वारण

(iii) मौर — मोर

(iv) भवन — भुवन

(v) प्रसाद — प्रासाद

(vi) निर्माण — निर्वाण

(vii) परुष — पुरुष

(viii) पाणि — पानी 4

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लोकोक्तियों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) अंधों में काना राजा

(ii) अपनी पगड़ी अपने हाथ

(iii) आगे कुआँ पीछे खाई

(iv) एक अनार सौ बीमार

(v) आस्तीन का साँप होना

(vi) कौआ चले हंस की चाल

(vii) घर का न घाट का

(viii) चुपड़ी और दो-दो

(ix) तीन लोक से मथुरा न्यारी 5

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए :

(i) वेदेही

(ii) सन्यासी

(iii) रचियता

(iv) त्यौहार 2

(र) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिये :

(i) मेरा प्राण संकट में है।

(ii) मैं उसे समझा लूँगा।

(iii) ये साड़ी सुन्दर है।

(iv) मरीज को समय पर दवा देना चाहिए। 2

**इकाई**–IV

4. (अ) अनुवाद का अर्थ बताइये। (शब्द सीमा **50**) :

**अथवा**

अनुवाद के सिद्धान्तों को स्पष्ट कीजिए। 3

(ब) अनुवाद का महत्व क्या है ? विवेचन कीजिए (शब्द सीमा **50**) :

**अथवा**

अनुवाद की विशेषताएँ बताइए। 3

(स) निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (शब्द सीमा **300**) :

In ancient times when the olympic games or the youth festivals we held then debates on philosophical topics were organised. The learned used to exchange knowledge, the poets used to describe history in poetry and artist and musicians used to develop new art and music.

**अथवा**

My motive has been purely religious ....... I could not be leading a religious life unless I identified myself with the whole of mankind and this I could not do unless I took part in politics I do not know any religion apart from human activity. 9

## **इकाई**–V

5. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए। (शब्द सीमा **350**) **:**

   (i) बेरोजगारी

   (ii) विकास बनाम विस्थापन

   (iii) साम्प्रदायिकता

   (iv) दहेज–एक अभिशाप

   (v) पर्यावरण संरक्षण 10

   (ब) नगर निगम के प्रशासक को एक पत्र लिखिए जिसमें बढ़ते हुए प्रदूषण की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सफाई न करने की शिकायत की गई हो। (शब्द सीमा **100**)

**अथवा**

अपने भाई को खेल प्रतियोगिता में प्रथम आने के लिए बाधाई पत्र लिखिए। 5